

फिट लोगों की हर जगह जरूरत है। खेलना फिट रहने के लिए जरूरी है। हर कंपनी चाहती है कि उनके यहां फिट लोग रहें। अब देश को फिट इंजीनियर, फिट मैनेजर की जगह है।

– सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय कप्तान, युवाओं की फिटनेस को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## एच.एस. प्रणय



भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। वही एक अन्य मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीय पुरुष युगल जोड़ी चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार साल तक 1000 रन बनाने का रिकार्ड मैथ्यू हैडन के नाम है। उन्होंने 2001 से 2004 तक लगातार चार बार 1000 या अधिक रन बनाए।

# रोहित शर्मा टी-20 में 5 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज

## बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन, भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप की



नई दिल्ली, 18 जनवरी। बेंगलुरु में रोमांच से भरे टी-20 मुकाबले को भारत ने 40 ओवर के खेल और 2 बार हुए सुपर ओवर के बाद जीता। अफगानिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंचा, लेकिन टीम के खिलाड़ी निराशा लेकर ही अपने देश लौटे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 212 रन बनाए, जवाब में अफगानिस्तान ने भी 212 रन बना दिए। मामला सुपर ओवर तक पहुंचा। पहली बार हुए सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 16-16 रन बनाए। फिर दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 11 रन बनाए, लेकिन अफगानिस्तान एक ही रन बना सका।

टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार एक ही मैच में 2 सुपर ओवर फेंके गए। सीरीज के शुरुआती 2 मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल (-20) में 5वां शतक लगाया। उन्होंने रिंकू सिंह के साथ 190 रन की पार्टनरशिप की, जो भारत के लिए सबसे बड़ी रही। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने 20वें ओवर में करीम जनत के खिलाफ 36 रन भी बटोरे। जानते हैं मैच के टॉप रिकॉर्ड्स...

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर बन गए। रोहित ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ओएन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ा। मॉर्गन के नाम बतौर कप्तान 86 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित ने कुल 8 सिक्स लगाए और इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान 90 सिक्स तक पहुंच गए।

रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने 5वां शतक लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और भारत के ही सूर्यकुमार यादव को पीछे किया। दोनों के नाम 4-4 सेंचुरी हैं। रोहित शर्मा का पहला शतक 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ आया था, तब उन्होंने 106 रन बनाए थे। पाकिस्तान के बाबर आजम ने 3 शतक लगाए हैं। वहीं, दुनिया के टॉप टी-20 रन स्कोरर विराट कोहली ने भी अपने करियर में एक ही शतक लगाया है।

रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने पांचवें विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी कर नया रिकॉर्ड बनाया। यह भारत के लिए इस फॉर्मेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले रिकॉर्ड संजू सैमसन और दीपक हुड्डा के नाम था, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 2022 में 176 रन की पार्टनरशिप की थी।

रोहित शर्मा ने बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी बना लिया। रोहित के बतौर कप्तान भारतीय कप्तान 1648 रन हो गए, उन्होंने पारी में 44वां रन लेते ही विराट को पीछे छोड़ दिया। विराट के नाम बतौर कप्तान 1570 रन हैं। वर्ल्ड क्रिकेट में यह रिकॉर्ड एरोन फिंच के नाम है। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की 76 टी-20 मैचों में कप्तानी की और कुल 2236 रन बनाए। हालांकि वे रिटायर हो चुके हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं, उनके कुल 2195 रन हैं और वह फिलहाल कप्तान नहीं रहे। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन उनके बहुत करीब हैं, उनके नाम 2125 रन हैं। रोहित चौथे नंबर पर हैं।

# सूर्य कुमार की वापसी संभव

## दक्षिण अफ्रीका में फील्डिंग के दौरान हुए थे इंजर्ड

नई दिल्ली, 18 जनवरी। सूर्यकुमार यादव ने सर्जरी करवाने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी फोटो पोस्ट की। सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में ग्रॉइन की सफल सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में सूचना दी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रॉइन इंजरी की सर्जरी कराई है, वह एक सप्ताह में भारत लौट सकते हैं।

सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब करेंगे। जहां से उनके इस साल के तक फिट होने की संभावना है। दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव की सर्जरी बुधवार को म्यूनिख के एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में हुई। उनसे पहले केएल राहुल ने भी 2022 में म्यूनिख में ही स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन करवाया था। राहुल एक महीने बाद फिट होकर खेलने लगे थे, लेकिन सूर्या को फिट होने में 2 महीने तक का समय लग सकता है। सूर्या पिछले महीने साउथ अफ्रीका में टी-20 इंटरनेशनल खेलने के दौरान इंजर्ड हुए थे। उन्हें फील्डिंग के दौरान एंकल में चोट लग गई थी। जिसके बाद उनकी एंकल सर्जरी हुई थी। उस सर्जरी के बाद अब उनकी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी भी हुई। 2 सर्जरी होने के कारण ही उन्हें फिट होने में ज्यादा समय लगेगा।

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, सूत्रों ने बताया कि सूर्यकुमार यादव इस साल के तक फिट हो जाएंगे। टूर्नामेंट के मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावनाएं हैं। के ठीक बाद एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू होगा। सूर्या इसके लिए भी फिट हो जाएंगे। नेशनल क्रिकेट एकेडमी भारत में क्रिकेटर्स की फिटनेस और ट्रेनिंग का ध्यान रखती है। ने ही जनवरी में सूर्या की सर्जरी करवाने पर जोर दिया था, ताकि वह वर्ल्ड कप से पहले तक पूरी तरह फिट हो सकें। वह जर्मनी जाने से पहले में ही रिहैब कर रहे थे।

पिछले साल जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की भी सर्जरी हुई थी। तीनों ही खिलाड़ी कुछ महीने तक क्रिकेट से दूर रहे, लेकिन वनडे वर्ल्ड तक पूरी तरह फिट हो गए। भारत वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा और रनर-अप रहा।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल मुकाबले में डकवर्थ- पोलमैंस को हराया

मेलबर्न, 18 जनवरी। भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरूआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की स्थानीय टीम को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गये है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेठिानो से मुकाबला करेंगे।

## जयपुर पिंक पैंथर्स ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया

जयपुर, 18 जनवरी। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में जयपुर पिंक पैंथर्स ने पीकेएल के 10वें सत्र के मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 37-27 के अंतर से हराया। बुधवार रात मेजबान जयपुर पिंक पैंथर्स ने सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए पीकेएल के 10वें सीजन के 77वें मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को 37-27 के अंतर से हराया। 13 मैचों में यह जयपुर की 10वीं जीत है। इस जीत के साथ 58 अंकों के साथ जयपुर ने अंक तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की है। वहीं हरियाणा को 13 मैचों में पांचवीं हार मिली। जयपुर की जीत में अर्जुन देसवाल (8 अंक) के अलावा डिफेंस में अंकुश (5) और सुनील (4) ने अपनी चमक दिखाई। हरियाणा के लिए रेड में शिवम ने सबसे अधिक 8 जबकि डिफेंस में नवीन ने 4 अंक बटोरे। आखिरी 10 मिनट की शुरुआत में हरियाणा ने लगातार तीन अंक अर्जित किये लेकिन जयपुर ने इस दौरान दो अंक लेकर उसकी वापसी रोक दी। हरियाणा ने चार अंक लेकर फिर वापसी की राह पकड़ी लेकिन समय हाथ से फिसला जा रहा था। चार मिनट बचे थे और फासला आठ का था। हरियाणा की टीम तमाम प्रयासों के बावजूद इस फासले की भरपाई नहीं कर सकी और दो जीत तथा एक टाई के बाद मुकाबला हार गई।

## रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए साहसिक फैसला लिया : द्रविड़

बेंगलुरु, 18 जनवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने कहा कि रोहित शर्मा प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कल दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया जो सही साबित हुआ। मैच के बाद द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।

द्रविड ने कहा, उन्होंने आज यह दिखाया कि वह किस तरह के खिलाड़ी हैं। हम 22 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुके थे। ड्रिंक्स के दौरान जब मैं स्वयं भी मैदान के अंदर गया तो यही चर्चा हुई थी कि हमें सकारात्मक रहना है। जाहिर तौर पर आप गेम को गति देने के इरादे से मैदान में जाते हैं लेकिन कई बार ऐसे क्षण भी आते हैं जब आपको अपने पैर कुछ समय के लिए पीछे खींचने होते हैं। लेकिन आप इस मैदान पर अधिक देर तक रक्षात्मक रह भी नहीं सकते। क्योंकि आपको पता है कि इस मैदान पर एक बड़े स्कोर की दरकार होती है। जिस तरह से पारी के अंत में बड़े शॉट्स उन्होंने लगाए वह वाकई देखने लायक थे। उन्होंने कहा, हम इस पर काफी समय से चर्चा करते आ रहे हैं कि कैसे स्क्वायर ऑफ द विकेट रन बटोरे जाएं और इसके लिए स्वीप और रिवर्स स्वीप का उपयोग करें और साथ ही उसका अभ्यास भी। कभी आपको अच्छी स्पिन गेंदबाजी का भी सामना करना पड़ता है। कैस अहमद को शुरुआत में काफी स्पिन भी प्राप्त हो रही थी और ऐसी स्थिति में रोहित के लिए डाउन द ग्राउंड जाकर खेलना मुश्किल होता है।

# सचिन ने बल्ले और गेंद से दिखाया दम

## प्रदर्शनी मैच में युवराज सिंह की टीम को हराया



नई दिल्ली, 18 जनवरी। भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर वन वर्ल्ड वन फैमिली चैरिटी मैच के दौरान बेंगलुरु में एक्शन में दिखे। इस प्रदर्शनी मैच में सचिन तेंदुलकर ने वन वर्ल्ड टीम का नेतृत्व किया, जबकि युवराज सिंह ने वन फैमिली टीम की कप्तानी की। सचिन तेंदुलकर ने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी दमदार प्रदर्शन करके दिखाया और टी20 प्रदर्शनी मैच के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों को खुश कर दिया।

वन वर्ल्ड टीम का नेतृत्व करने वाले सचिन तेंदुलकर ने केवल 16 गेंदों पर 27 रनों की तेज पारी खेली। वन वर्ल्ड वन फैमिली चैरिटी मैच में डैनी मॉरिसन, मखाया एंटिनी, मोहम्मद कैफ, इरफान पठान, डेरेन मैडी, रोमेश कालूविथराना, चामिंडा वास और मुथैया मुरलीधरन जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल थे। सचिन तेंदुलकर ने 16 गेंद में 27 रन बनाए, इस दौरान वह पुराने अंदाज में नजर आए। सचिन को मुथैया मुरलीधरन ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

मुरलीधरन की पहली ही गेंद पर तेंदुलकर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट हुए। सचिन तेंदुलकर ने गेंदबाजी भी की और एक विकेट चटकाया। तेंदुलकर ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। युवराज सिंह के नेतृत्व वाली वन फैमिली ने डैरन मैडी के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 180 रन बनाए। अल्विरो पीटरसन ने 50 गेंदों में 74 रन बनाकर तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम वन वर्ल्ड को 4 विकेट से जीत दिलाई।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका के अल्विरो पीटरसन ने 50 गेंद में 74 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा ने अच्छी शुरुआत की। ओझा ने 18 गेंद में 25 रन बनाए। 12 गेंद में 17 रन की जरूरत थी, इरफान पठान ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आखिरी 6 गेंद में सात रन चाहिए थे। उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

## 44वीं एमकेएम फुटबॉल प्रतियोगिता 20 से

उदयपुर, 18 जनवरी। 44वीं मोहनकुमार मंगलम फुटबॉल प्रतियोगिता उदयपुर के निकट जावर माइंस के जावर फुटबॉल स्टेडियम में 20 जनवरी से होगा। 10 दिसवसीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉलर क्लाइमैक्स लॉरेंस एवं राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह शेखावत, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष शकील अहमद, हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा होगें।

## स्वीयाटेक ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न, 18 जनवरी। विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक गुरुवार को दूसरे दौर के निर्णायक सेट में 1-4 से दो बार पिछड़ने के बाद मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए डेनियल कोलिन्स को 6-4, 3-6, 6-4 से हराते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है। पोलैंड की स्वियाटेक और चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा के बीच तीसरे दौर का मुकाबला होगा।

जीत के बाद स्वीयाटेक ने कहा, यह आसान नहीं था। मुझे लगा जैसे मेरी गति बढ़ रही है और फिर उसने अचानक दो गुना तेज खेलना शुरू कर दिया और मुझे नहीं पता था कि कुछ गेम तक मैं इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं। लेकिन मैं वापस आयी, और मैंने केवल यही सोचा जिस चीज पर मैं ध्यान केंद्रित कर सकती थी वह मैं खुद थी। मैंने इसकी परवाह करना बंद कर दिया कि वह कैसे खेलेगी, मैंने सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित किया। वहीं कोलिन्स ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सत्र होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सत्र होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है।

## चिराग-सात्विक की जोड़ी इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

नई दिल्ली 17 जनवरी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली पर कड़े संघर्ष के बाद 21-15, 19-21, 21-16 से जीत हासिल कर योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 के दूसरे दौर में जगह बनायी।

पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने काफी तेज खेल दिखाया और और शुरुआती गेम आसानी से जीत लिया लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी दूसरे गेम में उनकी लय तोड़ने में कामयाब रहे और ब्रेक तक 11-5 की बढ़त ले ली।

चिराग और सात्विक ने हालांकि देर से वापसी की और नुकसान को 18-19 तक कम कर दिया लेकिन ताइपे की टीम ने निर्णायक निर्णय लेने के लिए अपना संयम बनाए रखा। अंतिम गेम में, भारतीय जोड़ी ने एक बार फिर अपने आक्रामक स्ट्रोक के साथ रैलियों की बरसात की और जीत के साथ इंग्लैंड के बेन लेन/सीन वेंडी और चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान के बीच होने वाले मैच के विजेता के खिलाफ दूसरे दौर का मुकाबला खेलना तय किया।

मैच के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कहा, हम जिस तरह से खेल रहे हैं और जिस तरह से हमने शुरुआत की है उससे हम वास्तव में खुश हैं। हमने पिछले दो वर्षों में अपने डिफेंस पर बहुत काम किया है और यह हमारे कवच में एक नया आय़ाम लेकर आया है क्योंकि आप इन धीमी परिस्थितियों में हमेशा अपने आक्रमण पर भरोसा नहीं कर सकते। हम यहां पहली जीत पाकर खुश हैं और उम्मीद है कि हम टूर्नामेंट में आगे बढ़ेंगे।

इससे पहले, भारत के 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को पुरुष एकल के शुरुआती दौर में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

श्रीकांत ने शुरुआती गेम में मजबूत शुरुआत की और काफी हद तक नियंत्रण में दिखे। ली ने हालांकि जल्द ही 20-17 की बढ़त ले ली।

## बेंगलुरु की साई ग्राम स्पोर्ट्स अकादमी में तेंदुलकर-गावस्कर देंगे ट्रेनिंग

### गावस्कर बोले- गांव के युवाओं का सपना साकार होगा, सचिन ने लिए एक विकेट

नई दिल्ली, 18 जनवरी। बेंगलुरु के मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में स्पोर्ट्स एकेडमी का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर भी युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें क्रिकेट सहित बैडमिंटन, बास्केटबॉल जैस खेलों की सुविधा होगी। स्पोर्ट्स एकेडमी के उद्घाटन पर वन वर्ल्ड वन फैमिली कप का भी आयोजन किया गया।

युवराज सिंह, हरभजन सिंह, मुथैया मुरलीधरन, इरफान पठान, चमिंडा वास, मखाया एंटिनी, मोंटी पनेसर, डेन्नी मॉरीसन, वेंकटेश प्रसाद जैसे दुनिया भर के कई पूर्व स्टार क्रिकेटर वंचितों के लिए पूर्णतया नि:शुल्क पोषण-शिक्षा-स्वास्थ्य का वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से ओतप्रोत वैश्विक सेवा अभियान के तहत खेले जा रहे वन वर्ल्ड वन फेमिली कप में के लिए मैदान पर थे।

गावस्कर ने मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में खुले इस एकेडमी के बारे में कहा कि यह अकेडमी गांव के ऐसा युवाओं का सपना साकार करेगा, जो सुविधाओं में के अभाव में अपना खेल में करियर नहीं बना पा रहे हैं।

सत्य साई ग्राम से इस पहल से ग्रामीण युवाओं को एक प्लेटफार्म मिलेगा। गावस्कर ने कहा कि इस संस्था से वह काफी सालों से जुड़े हैं। भविष्य में समय-समय पर आकर इस अकेडमी में युवाओं का मार्गदर्शन भी करेंगे। इस संस्था से जुड़े सचिन तेंदुलकर ने कहा कि फिट लोगों की हर जगह जरूरत है। खेलना फिट रहने के लिए जरूरी है। हर कंपनी चाहती है कि उनके यहां फिट लोग रहें। अब देश को फिट इंजीनियर, फिट मैनेजर की जगह है।

वहीं पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि अब खेलों में भी अपना करियर है। क्रिकेट ही नहीं अब कई ऐसे खेल हैं, जिनमें करियर बनाया जा सकता है। सत्य साई का विभिन्न खेलों के लिए सुविधा प्रदान करने की पहल सराहनीय है। उन्होंने सत्य साई की ओर से फ्री एजुकेशन, फ्री मेडिकल सुविधा की तारीफ की और कहा कि किसी दूसरे के चेहरे पर मुस्कान ला कर जो सुख मिलती है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।

# एडिलेड टेस्ट में बैकफुट पर वेस्टइंडीज

## दूसरी पारी में 6 विकेट गंवाएं, हेड की सेंचुरी से ऑस्ट्रेलिया ने 283 रन बनाए

एडिलेड, 18 जनवरी। एडिलेड टेस्ट के दूसरे ही वेस्टइंडीज हार की कगार पर पहुंच चुका है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 283 रन पर ऑलआउट तो कर दिया लेकिन खुद की दूसरी पारी में 6 विकेट भी गंवा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम 73 रन ही बना सकी और वे अब भी 22 रन से पिछड़ रहे हैं।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड ने शतक लगाया। वेस्टइंडीज से डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने 5 विकेट लिए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड 4 विकेट ले चुके हैं। वेस्टइंडीज से विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा नॉटआउट रहे, वह तीसरे दिन टीम की दूसरी पारी आगे बढ़ाएंगे।

दूसरे दिन उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने टीम का स्कोर 59/2 से आगे बढ़ाया। पहला सेशन खत्म होने तक टीम ने 144 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए। ख्वाजा 45, ग्रीन 14 और मिचेल मार्श 5 ही रन बनाकर आउट हो गए।



नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया को संभाला। लेकिन उनके सामने एलेक्स कैरी (15) और मिचेल स्टार्क (10) जल्दी आउट हो गए। हेड ने तेजी से रन बनाकर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। सेशन खत्म होते-होते हेड भी आउट हो गए। उन्होंने 119 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सेशन खत्म होने तक 8 विकेट के नुकसान पर 260 रन रहा।

तीसरा सेशन शुरू होने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने स्कोर में 23 रन ही जोड़ सका और टीम ने अपने दोनों विकेट गंवा दिए। नाथन लायन 24 और पैट कमिंस 12 रन बनाकर आउट हुए। हेजलवुड नॉटआउट रहे। टीम ने 283 रन बनाए, वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे, इसलिए ऑस्ट्रेलिया को 95 रन की लीड मिली। वेस्टइंडीज से डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने 5 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स और केमार रोच को 2-2 सफलताएं मिलीं।

ऑस्ट्रेलिया जैसे अटैकिंग बैटिंग ऑर्डर को 283 पर समेटने के बाद वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने दूसरी पारी में 7 ही रन पर 3 विकेट गंवा दिए। तेजनारायाण चंद्रपॉल और एलिक एथनाज खाता भी नहीं खोल सके। वहीं कप्तान क्रैग ब्रैथवेट एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। शुरुआती झटकों के बाद वेस्टइंडीज ने केवम हॉज का विकेट भी गंवा दिया। वह 12 बॉल में 3 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती चारों विकेट जोश हेजलवुड ने लिए। पहली पारी में फिफ्टी लगाने वाले कर्क मैकेंजी ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ वेस्टइंडीज को संभालने की कोशिश की। लेकिन मैकेंजी 26 रन बनाकर कैमरन ग्रीन का शिकार हो गए। टीम ने 40 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवा दिया।

ग्रीव्स ने विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों टिक चुके थे, फिर 23वें ओवर की पांचवीं बॉल पर ग्रीव्स को लायन ने कर दिया। ग्रीव्स 24 रन बनाकर आउट हुए और दूसरे दिन का खेल खत्म कर दिया गया। वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 73 रन बना लिए हैं और टीम अब भी पहली पारी के स्कोर से ही 22 रन पीछे है। 22 रन बनाने के बाद ही टीम ऑस्ट्रेलिया को टारगेट दे पाएगी। तीसरे दिन का खेल भारतीय समयानुसार सुबह 5:00 बजे से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज 188 रन पर ही ऑलआउट हो गया। एडिलेड में मुकाबले के पहले दिन टीम तीसरे सेशन में ही सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने 4-4 विकेट लिए। विंडीज टीम से केमार रोच और शमार जोसेफ ने 10वें विकेट के लिए 55 रन की पार्टनरशिप की।